हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 जनवरी 2024

11 जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है यात्रा


12 नए साल में फतेहाबादियों को मिलेगी 200 बेड ...


## पंचायत मंत्री ने पुलिस नाकों का किया निरीक्षण


टोहाना। शहर में पुलिस नाकों का निरीक्षण करते पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली।

■ टोहाना में बढ़ते अपराधों को देखते हुए मैदान में उतरे पंचायत मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने को लेकर पंचायत मंत्री और टोहाना के विधायक देवेन्द्र बबली पूरी तरह एक्टिव नजर आ रहे हैं। शनिवार को जहां उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों की बैठक लेकर अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दिए वहीं देर रात उन्होंने स्वयं पुलिस नाकों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पंचायत मंत्री ने टोहाना के सभी इंट्री नाकों पर जाकर चेकिंग की और तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी रात सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बबली ने कहा कि बाहर से आने वाले वाहन सवारों पर पूरी नजर रखें। यदि कोई संदिग्ध नजर आए तो गहराई से चेकिंग की जाए। उन्होंने टोहाना के पंजाब बॉर्डर पर लगते मुनक रोड, लक्कड़ मार्केट, हिसार रोड, रेलवे रोड, रतिया रोड सहित कई इंट्री प्वाइंटों के नाकों का निरीक्षण किया। बता दें कि पिछले दो सप्ताह से टोहाना में व्यापारियों के साथ लूटपाट, फिरौती मांगने, फायरिंग करने और छीना झपटी की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। व्यापारियों के साथ बढ़ती घटनाओं से खफा व्यापारियों ने दो दिन पूर्व शहर थाने का भी घेराव किया था। शहर के रेस्टोरेंट बी-13 पर बदमाशों द्वारा 50 लाख की फिरौती मांगते हुए की गई फायरिंग मामले में पुलिस ने बॉक्सर गैंग के 9 बदमाशों को काबू कर लिया है। हालांकि इसके बाद भी बदमाशों के हौंसले कम नहीं हुए और इसके बाद भी उन्होंने व्यापारियों के साथ कई लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया था। टोहाना में बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने टोहाना आते ही आला पुलिस अधिकारियों की मीटिंग बुला ली थी, जिसमें एसपी आस्था मोदी सहित तमाम पुलिस अधिकारी, शहर के व्यापारी शामिल हुए। बैठक में व्यापारियों ने बढ़ रहे अपराध पर नाराजगी प्रकट की थी।

## उपायुक्त ने जिलेवासियों को दीं नववर्ष की शुभकामनाएं

सिरसा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया साल सभी जिलावासियों के जीवन में नई उमंग व उल्लास का संचार करेगा। उपायुक्त ने कहा कि नए साल के आगमन के साथ ही जिले का हर निवासी अपने आसपास के परिवेश को बेहतर बनाने का संकल्प लें। इसके साथ ही नशे के खात्मे के लिए सभी दृढ़ संकल्प हों। उपायुक्त ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या, शिक्षा, पर्यावरण तथा सामाजिक सौहार्द आदि ऐसे विषय हैं जिन पर हमें संवेदनशील होकर आगे बढ़ना होगा। ऐसे में गत वर्ष में मिले अनुभवों की कसौटी पर खड़े होकर अपने जीवन के औचित्य पर मंथन करे तो निश्चित ही हम एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि नववर्ष की शुभकामना के साथ यह उम्मीद करें कि नए साल में हम सब मिलकर एक सार्थक पहल करेंगे ताकि सिरसा जिला नशामुक्त होकर दूसरों के लिए प्रेरणादायी बनें।

## शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए नववर्ष : एसपी

फतेहाबाद। जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने नववर्ष के अवसर पर जिला के सभी नागरिकों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी है और आशा व्यक्त की है कि नववर्ष 2024 सभी नागरिकों के लिए शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। पुलिस कर्मचारियों को बधाई देते हुए एसपी ने उम्मीद जताई कि फतेहाबाद पुलिस के सभी जवान अपने व्यवहार में और अधिक सकारात्मक बदलाव लाएंगे ताकि पुलिस बल की एक बेहतर पब्लिक इमेज सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इससे न केवल समाज में पुलिस-पब्लिक रिलेशन को मजबूत करने में मदद मिलेगी बल्कि जिला पुलिस बल की योग्यता और प्रतिबद्धता के संबंध में सकारात्मक सार्वजनिक धारणा को भी बल मिल सकेगा। वर्ष 2023 में जिला पुलिस कर्मचारियों ने जहां अपराधियों की धरपकड़ की है वहीं नशा मुक्ति अभियान के भी सकारात्मक परिणाम आए हैं।

SHAHEED BABA DEEP SINGH
GROUP OF INSTITUTIONS
VILL. AHERWAN
TEH. RATIA
FATEHABAD (Hry.)
94160-45882, 91389-98001
91389-98003, 91389-98007

SCHOLARSHIP FOR SC STUDENTS

SBDS COLLEGE OF NURSING
Affiliated to Pt. B.D. Sharma University of Health Sciences, Rohtak
Approved by HNRC and INC
COURSE
✦ M.Sc. (N) (2 Year)
✦ B.Sc. (N) (4 Year)
✦ P.B.B.Sc. (N) (2 Year)
✦ GNM (3 Year)
✦ ANM (2 Year)

SBDS COLLEGE OF EDUCATION
(A Sikh Minority College)
"A" Grade Accredited by NAAC
Affiliated to CDLU Sirsa
DIRECT ADMISSION
COURSE
✦ B.Ed. (2 Year)
✦ D.El.Ed. (JBT) (2 Year)

SBDS COLLEGE OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCE
Affiliated to LUVAS Hisar
COURSE
✦ VLDA (2 Year)
(10+2 Medical)

अभी सिरसा वासियों को
नव वर्ष
की हार्दिक शुभकामनाएं

रसोई का बचा हुआ अवशेष
फल व सब्जी के छिलके, चायपत्ती
के अवशेष इत्यादि के लिए कूड़ादान।
सूखा कूड़ा, प्लास्टिक (प्लास्टिक थैले व बोतल)
कागज, कांच, लकड़ी व धातु इत्यादि के लिए
कूड़ादान।

SAY NO
SINGLE USE PLASTIC
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
नियमों का पालन करें।
Say No To Single Use Plastic Bags
अबकी बार है एक ही नारा,
सिरसा को है स्वच्छ बनाना।
सरकार द्वारा 1 जुलाई 2022 से सिंगल युज प्लास्टिक बैन कर दिया गया है।
कपड़े के बैग को कहे हाँ पॉलीथिन को कहें ना।
सौजन्य से:
पूजा वेस्ट मैनेजमैन्ट प्राईवेट लिमिटेड, रोहतक

सीनियर सेकैंडरी मॉडल स्कूल
गांव भिरड़ाना (फतेहाबाद)
English Medium, Permanent Recognised upto 10+2 (Arts, Commerce)


सभी जिलावासियों को नववर्ष 2024 की
हार्दिक शुभकामनाएं
बोर्ड परीक्षाओं में सदैव उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम
☛ दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 35 बोर्ड मेरिट।
☛ अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राज्य में प्रथम स्थान ।
☛ अंतरराष्ट्रीय गीता जंयती महोत्सव में निबंध प्रतियोगिता में राज्य में द्वितीय स्थान।
☛ गीता जंयती पर भाषण प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान एवं खंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी, भाषण और निबंध में प्रतियोगिता प्रथम स्थान।
☛ 'हरियाणा को जानो' की जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान।
☛ भारत को जानो प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में जिले में प्रथम और राज्य में चौथा स्थान।
☛ हिंदी दिवस की ऑनलाइन प्रतियोगिता में राज्य में प्रथम स्थान ।
☛ साईकलिग में जिले में प्रथम और राज्य में द्वितीय स्थान।
☛ नेहरू युवा क्लब द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता में द्वितीय, भाषण और कविता में तृतीय स्थान।
E-mail : sms264434@gmail.com | Ph. 01667-264434, 89013-64434

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह मूंगफली तेल में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल कीमत में आये सुधार को छोड़कर बाकी सभी (सरसों,



सोयाबीन तेल-तिलहन, मूंगफली तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल) के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि दाम ऊंचे होने की वजह से बाजार में मूंगफली तेल की लिवाली कम है इसके चलते मूंगफली दाने की खरीद भी कम है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने एफडी की ब्याज दरें 1.25% बढ़ाईं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने विभिन्न अवधि की सावधि जमाओं (एफडी) की ब्याज दरों को 1.25 प्रतिशत तक बढ़ाया है।



इससे पहले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी सावधि जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई थीं। बीओबी ने एक बयान में कहा, 'विभिन्न अवधि की दो करोड़ रुपये तक की सावधि जमाओं पर ब्याज दर 0.01 प्रतिशत से 1.25 प्रतिशत तक बढ़ाई गई है।'

### शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से



1,29,899.22 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,133.3 अंक या 1.59 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स 28 दिसंबर को 72,484.34 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा।

### 2023 में 76 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई: सरकार

**नई दिल्ली।** इस साल 76 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई है। सरकार ने एक बयान में बताया कि इनमें से 30 खनिज ब्लॉकों की



खनन पट्टे के लिए नीलामी की गई और शेष 46 को समग्र लाइसेंस के रूप में बेचा गया। खनन पट्टे का मतलब खनन कार्य करने के उद्देश्य से दिया गया पट्टा है, जबकि समग्र लाइसेंस दो-चरणीय परिचालन अधिकार है जो खनन के उद्देश्य से और उसके बाद उत्पादन परिचालन के लिए दिया जाता है।

### मीशो ने पहली बार दर्ज किया मुनाफा

**नई दिल्ली।** सॉफ्टबैंक समर्थित मीशो ने कहा कि वह चालू वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज



करने वाली पहली ई-वाणिज्य यूनिकॉर्न बन गई है। कंपनी ने हालांकि जुलाई-सितंबर तिमाही में कितना मुनाफा हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी। कंपनी का घाटा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कम होकर 141 करोड़ रुपये रह गया।

### फर्स्टक्राई के आईपीओ में टाटा हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली।** दिग्गज उद्योगपति और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड के आगामी आरंभिक



सार्वजनिक निर्गम में अपने सभी 77,900 शेयर बेचने पर विचार कर रहे हैं। ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड मां-बच्चों की देखभाल वाले उत्पाद मंच फर्स्टक्राई की मालिक है। रतन टाटा 2016 में शुरुआत में 66 लाख रुपये लगाकर कंपनी में निवेशक बन गए थे।

# नए वर्ष में निवेशकों को तोहफा, यूपीआई से खरीद सकेंगे सेकेंडरी मार्केट में शेयर

## दुनिया में पहली बार भारत में शुरू होगी यह सुविधा, एक जनवरी से सीमित ग्राहकों के लिए शुरू होगी सेवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) एक जनवरी 2024 को सेकेंडरी मार्केट के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई लांच करेगा। इसके बाद निवेशक यूपीआई के जरिए पेमेंट करके शेयर्स खरीद सकेंगे। अभी आईपीओ की बिडिंग में यूपीआई के जरिए पेमेंट कर पाते हैं। जब आईपीओ के लिए अप्लाई करते हैं, तो उसका पैसा इन्वेस्टर्स के अकाउंट में ही ब्लॉक हो जाता है और जब शेयर्स इश्यू होते हैं, तब अमाउंट डेबिट होता है। इसी तरह सेकेंडरी मार्केट यानी शेयर बाजार में यह सर्विस शुरू होने के बाद स्टॉक्स खरीदने पर उसका जितना भी अमाउंट होगा, वह आपके अकाउंट में ब्लॉक हो जाएगा। इसके बाद जब उसी दिन सेटलमेंट होगा, तो इन्वेस्टर्स के अकाउंट से पैसा डेबिट हो जाएगा। सेकेंडरी मार्केट में यूपीआई से खरीद-फरोख्त शुरू करने वाला भारत दुनिया का पहला देश होगा।

### ट्रांजैक्शंन की स्पीड बढ़ेगी

एनसीपीआई ने बताया कि क्लियरिंग कॉरपोरेशन, स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉजिटरी, स्टॉकब्रोकर, बैंक और यूपीआई ऐप सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों के साथ मिलकर इक्विटी कैश सेगमेंट के लिए बीटा वर्जन में पेमेंट सर्विस पेश की जाएगी। शुरुआत में यह सर्विस सीमित ग्राहकों के लिए ही होगी। इस कदम से ट्रांजैक्शंस की स्पीड बढ़ जाएगी और भारत के स्टॉक एक्सचेंजों के लिए सेम डे सेटलमेंट करने में मदद मिलेगी।

### किसे होगा फायदा

शेयर बाजार में यह सर्विस शुरू होने के बाद स्टॉक्स खरीदने पर जितने पैसे लगेंगे, वह राशि निवेशक के अकाउंट में ब्लॉक हो जाएगी। इसके बाद जब उसी दिन सेटलमेंट होगा तो इन्वेस्टर्स के अकाउंट से पैसा कट जाएगा। अभी तक आईपीओ की बिडिंग में यूपीआई के जरिए पेमेंट करने की सुविधा है। एनपीसीआई ने बताया कि इस बीटा लांच को ब्रोकरेज ऐप 'ग्रो' फैसिलिटेट कर रहा है।




### फंड ब्लॉक करने की सुविधा ऑप्शनल है

फंड ब्लॉक करने की फैसिलिटी इन्वेस्टर्स के लिए ऑप्शनल है। यह सुविधा स्टॉकब्रोकर देगा। अगर इन्वेस्टर ने इस सुविधा का चयन किया तो ब्रोकर निवेशक के अकाउंट की डिटेल एक्सचेंजेज के साथ शेयर करेगा। बीएसई और एनएसई उस निवेशक के डेटा को क्लीयरिंग कॉरपोरेशन के साथ साझा करेंगे। यूपीआई गाइडलाइन्स के मुताबिक एक निवेशक अधिकतम पांच लाख रुपए ब्लॉक कर सकता है।

# सोने में चमक कायम, नए साल में 70,000 तक पहुंच सकता है दाम

## वैश्विक तनाव की वजह से सोने के दाम एक बार फिर बढ़े

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पीली धातु की चमक नए साल 2024 में भी बनी रहेगी। अगले साल सोना 70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रुपये की स्थिरता, भू राजनीतिक अनिश्चितता और धीमी वैश्विक आर्थिक वृद्धि के कारण नए साल में भी सोने का आकर्षण कायम रहेगा। फिलहाल जिंस एक्सचेंज एमसीएक्स में सोना 63,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 2,058 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास है। वहीं रुपया इस समय 83 प्रति डॉलर के पार पहुंच चुका है। दिसंबर की शुरुआत में वैश्विक तनाव की वजह से पश्चिम एशिया में सोने के दाम एक बार फिर चढ़ गए।

**नए साल में भी सोने का आकर्षण कायम रहेगा**

### सोना रिकॉर्ड 61,914 रुपए का भाव छू चुका

उभरते बाजार के कारोबारियों का अनुमान है कि ब्याज दर में बढ़ोतरी का चक्र कमोबेश समाप्त हो चुका है। घरेलू बाजार में चार मई को पीली धातु का भाव 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में यह 2,083 डॉलर प्रति औंस की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। बाद में 16 नवंबर को सोना 61,914 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया।



### सुरक्षित निवेश के रूप में सोना बना रहेगा

कॉमट्रेंड्ज रिसर्च के निदेशक ज्ञानशेखर त्यागराजन ने कहा, 'निवेश के सुरक्षित विकल्प के रूप में सोने का आकर्षण बरकरार है। यही वजह है कि इस साल चार दिसंबर को सोने का भाव 64,063 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में यह 2,140 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।'

### चुनावी साल में रुपया हो सकता है कमजोर

त्यागराजन ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि 2024 में अंततः यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2,400 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच जाएगा। वहीं घरेलू बाजार में सोना 70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर जा सकता है।' उन्होंने कहा कि चुनावी साल में रुपया कमजोर हो सकता है। इससे घरेलू स्तर पर सोने के दाम बढ़ेंगे।

### केंद्रीय बैंकों की मांग हो सकती है अधिक

कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष - प्रमुख जिंस शोध रविंद्र राव ने कहा कि खुदरा आभूषण खरीदारी को भारत और चीन में उच्च घरेलू कीमतों से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि मौजूदा रफ्तार जारी रहती है, तो केंद्रीय बैंकों की मांग पिछले साल के रिकॉर्ड से अधिक हो सकती है।

### हेजिंग के लिए सोने की भूमिका बढ़ी

इससे महंगाई के खिलाफ 'हेजिंग' के लिए सोने की भूमिका बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सितंबर तिमाही में सोने की कीमत पिछले साल से 12 प्रतिशत कम रही। वर्ष 2023 में सोने की मांग पिछले साल से थोड़ी कम 700-750 टन रहेगी।

### कारोबार कमोबेश 2022 जैसा ही रहेगा

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बिक्री पर असर पड़ा है और 30-35 लाख शादियों के बावजूद इस साल पीली धातु का कारोबार कमोबेश 2022 जैसा ही रहेगा।

# अदाणी ने इस साल इक्विटी व बांड से 15 अरब डॉलर जुटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के समूह ने इस साल इक्विटी से पांच अरब अमेरिकी डॉलर (41,500 करोड़ रुपये) जुटाए और करीब इससे दोगुनी राशि बांड के जरिए हासिल की।

अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में समूह पर लगाए गए गंभीर आरोपों से उबरते हुए अदाणी ने निवेशकों का भरोसा साबित किया। अडाणी 2023 की शुरुआत में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी थे, हालांकि 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में उन पर आरोप लगाए जाने के बाद उनकी निजी संपत्ति लगभग 60 अरब ड्रॉलर घट गई।



अदाणी 2023 के शुरुआत में दुनिया के दूसरे बड़े अमीर

समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और अपनी रणनीति पर काम करते हुए वापसी की। अदाणी एक साल पहले अपनी संपत्ति से करीब 36 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अरबपति मुकेश अंबानी से 12 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं।

### अदाणी ग्रीन ने 1.36 अरब डॉलर जुटाए

अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के एक संघ से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। एजीईएल के अनुसार मार्च 2021 में प्रारंभिक परियोजना वित्तपोषण के बाद से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण से कंपनी का कुल कोष बढ़कर तीन अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# नए साल में ब्याज दर व चुनाव तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

## निवेशकों के लिए वर्ष 2023 एक यादगार साल रहा, अगले 3 से 6 माह में सेंसेक्स व निफ्टी सात फीसदी चढ़ सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक यादगार साल और निवेशकों को मिले शानदार मुनाफे के बाद भारतीय शेयर बाजार महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से भरे 2024 में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। नए साल में शेयर बाजार की निगाह ब्याज दरों के साथ लोकसभा चुनाव और भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रहेगी।

विश्लेषकों का मानना है कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी जारी रहेगी और अगले 3-6 माह में प्रमुख शेयर सूचकांक - सेंसेक्स और निफ्टी सात प्रतिशत तक चढ़ सकते हैं। वर्ष 2023 में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 11,399.52 अंक या 18.73 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 3,626.1 अंक या 20 प्रतिशत की तेजी हुई।

विश्लेषकों की राय है कि लोकसभा चुनाव, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, अमेरिका और भारत में ब्याज दरों की चाल, मुद्रास्फीति के रुझान और भू-राजनीतिक हालात शेयर बाजार के लिए प्रमुख कारक होंगे। उन्होंने कहा कि बाजार 2024 के आम चुनावों में बहुमत के साथ भाजपा सरकार की वापसी चाहता है। मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रिब्यूशन ने एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव और उसके बाद पहले आम बजट पर सभी की नजर रहेगी। ब्याज दर में किसी भी कटौती से बाजार को अतिरिक्त बढ़ावा मिलेगा। इस साल यानी 2023 में शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी में 81.90 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी हुई।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के चेयरमैन राकेश मेहता ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और हाल में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की बढ़त ने निवेशकों की भावना को और बल दिया है।



### विदेशी कोषों की खरीदारी बढ़ी

मेहता ने कहा, एक बार फिर भारतीय बाजारों में विदेशी कोषों की लिवाली बढ़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई की मौजूदा तेजी अगले 3-6 महीनों में बनी रहेगी। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में 5-7 प्रतिशत की बढ़ोतरी तथा मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 10-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

### राजकोषीय घाटा नवंबर में लक्ष्य का 50.7 प्रतिशत रहा

**नई दिल्ली।** सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर के अंत में 9.06 लाख करोड़ रुपये रहा जो समूचे वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 50.7 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में 9,06,584 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 58.9 प्रतिशत था। सरकार के व्यय और राजस्व के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहते हैं। सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 17.86 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत सरकार की नवंबर 2023 तक कुल प्राप्तियां 17.4 लाख करोड़ रुपये रहीं जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 64.3 प्रतिशत है।

# होटल उद्योग को नए साल में कमाई बढ़ने की उम्मीद

**कोविड के बावजूद नए साल के जश्न को लेकर उत्साह**

## आतिथ्य क्षेत्र कमाई में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोविड-19 के मामले फिर से बढ़ने की खबरों का नए साल का जश्न मनाने की तैयारी में जुटे लोगों की भावनाओं पर कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा है। ऐसे में होटल या आतिथ्य क्षेत्र अपनी कमाई में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है।

होटलों में खाने-पीने के लिए आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, वहीं रिजॉर्ट स्थलों पर बुकिंग में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। होटल क्षेत्र के कुछ खिलाड़ियों ने कहा कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष में उन्हें अपने राजस्व में 19 प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है।फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा, 'कोविड के मामले बढ़ने की खबरों से जश्न की तैयारी कर रहे लोगों की भावना पर कोई असर नहीं पड़ा है। इसके अलावा आतिथ्य क्षेत्र के प्रतिष्ठान कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हैं। कुल मिलाकर भावना सकारात्मक है।' उनसे पूछा गया था कि क्या कोविड-19 के फिर उभरने से साल अंत या नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए बुकिंग पर किसी तरह का असर पड़ा है।




### राजस्व में 19 फीसदी वृद्धि की उम्मीद

कमरों की बुकिंग में भी हम इतनी की बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं। कमरों की बुकिंग से राजस्व पर रेजेंटा और रॉयल ऑर्किड होटल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक चंदर के बालजी ने कहा, हम पिछले साल की समान अवधि की तुलना में राजस्व में 19 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर हो गया था। यह किसी एक सप्ताह में हुई सर्वाधिक वृद्धि में से एक था। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

## सिर्फ चार शेयर निर्गम मूल्य से नीचे, निर्गम से कंपनियों ने 54 हजार करोड़ रुपए जुटाए

# इस साल 59 में से 54 आईपीओ ने दिया 45 फीसदी रिटर्न

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल यानी 2023 में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गए और इनमें लगभग 20 प्रतिशत की तेजी आई। इससे शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी 82 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई।

शेयर बाजार में तेजी के इस रुख के बीच 2023 में कुल 59 आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आए। इनमें से 55 ने निवेशकों को औसतन 45 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, 2023 का साल आईपीओ निवेशकों के लिए अप्रत्याशित वर्ष साबित हुआ।

### कंपनियों का बेहतरीन प्रदर्शन

इस साल 59 कंपनियां सूचीबद्ध हुईं और उन्होंने 54,000 करोड़ रुपये जुटाते हुए निर्गम मूल्य से औसतन 45 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया। इसका मतलब है कि दो-तिहाई से ज्यादा कंपनियों ने शेयर बाजार से बेहतरीन प्रदर्शन किया।




### सिर्फ चार आईपीओ नुकसान में रहे

इस साल आए सभी 59 आईपीओ औसतन लगभग 26.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। 29 दिसंबर तक इन आईपीओ पर रिटर्न लगभग 45 प्रतिशत रहा। 59 में से सिर्फ चार आईपीओ ही 29 दिसंबर को अपने निर्गम मूल्य पर नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे।

### 23 आईपीओ में 50 फीसदी से अधिक वृद्धि

सूचीबद्ध होने के बाद से 59 में से 23 आईपीओ में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और उनमें से नौ ने निर्गम मूल्य पर दोगुना से अधिक लाभ दिया। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लि. (इरेडा) है, जिसने 29 नवंबर को सूचीबद्ध होने के दिन 32 रुपये की निर्गम कीमत पर 221.3 प्रतिशत की बढ़त हासिल की।

### टाटा टेक्नोलॉजीज का सबसे अच्छा प्रदर्शन

टाटा टेक्नोलॉजीज सूचीबद्ध होने के दिन 500 रुपये के निर्गम मूल्य पर तीन गुना उछाल के साथ दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनी है और अब भी कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य पर 136 प्रतिशत से अधिक ऊपर है। रियल्टी कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने 385 रुपये के निर्गम मूल्य पर 128 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

### निर्गम की दृष्टि से चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर

चीन में इस साल विभिन्न कंपनियों ने 240 निर्गम के जरिये 60 अरब डॉलर से अधिक की राशि जुटाई है। ऐसे में सार्वजनिक निर्गम की दृष्टि से चीन के बाद दलाल पथ दूसरे स्थान पर रहा है।

# 2023: एआई का मुख्यधारा में प्रवेश

## भारत डेटा गोपनीयता, उपयोगकर्ता सुरक्षा पर हुआ सख्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 में प्रौद्योगिकी का विकास अभूतपूर्व रफ्तार से हुआ। इस दौरान भारत ने डेटा गोपनीयता और भंडारण पर नए कानून बनाए। इसके साथ ही उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और बड़ी कंपनियों के लिए अनुपालन ढांचे को परिभाषित करने के लिए सख्ती बढ़ाई गई। वर्ष 2023 में कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर उत्साह और आश्चर्य के बीच ओपनएआई के चैटजीपीटी की लोकप्रियता और डीपफेक पर भारत की कार्रवाई ने सभी का ध्यान खींचा। भारत ने डिजिटल संप्रभुता पर जोर दिया और सोशल मीडिया तथा बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर सख्ती की।

**अनुपालन ढांचे को परिभाषित करने सख्ती बढ़ाई गई**

डिजिटल क्षेत्र में उभर रहे नए जोखिमों से 'नेटिजन्स' को सुरक्षित रखने का भारत का संकल्प स्पष्ट था। सरकार निर्णायक रूप से नियमों और कानूनों को तैयार करने के लिए आगे बढ़ी। इस तरह भविष्य के लिए एक ऐसा ढांचा तैयार हुआ, जो भारत में न केवल डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करेगा, बल्कि डिजिटल और सोशल मीडिया मंचों के लिए सख्त जवाबदेही तय करके एक मुक्त, सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट भी सुनिश्चित करेगा। रश्मिका मंदाना सहित चर्चित हस्तियों को निशाना बनाने वाले कई 'डीपफेक' वीडियो वायरल होने के बाद सरकार ने सोशल मीडिया मंचों के साथ सख्ती से बात की।

### कंपनियों पर दबाव रहा

वैश्विक स्तर पर, व्यापक आर्थिक संकट और वृद्धि संबंधी चुनौतियों ने बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर दबाव बनाया। ऐसे में इन कंपनियों ने खर्च में कटौती की और 2023 की शुरुआत में बड़े पैमाने पर छंटनी का सहारा लिया। छोटी अवधि के वीडियो की बढ़ती लोकप्रियता और हर अवसर के अनुरूप ऐप तथा मीम्स के चलन से सोशल मीडिया में हलचल जारी रही।

## खबर संक्षेप

### 16 बोतल अवैध शराब समेत गिरफ्तार

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को 16 बोतल अवैध शराब के साथ काबू किया है। कालांवाली थाना प्रभारी रामफल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान संदीप निवासी पक्का शहीदां के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम गांव पक्का शहीदां में मौजूद थी। तभी पुलिस ने एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 16 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### युवक 7 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** सदर थाना डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव रामपुरा बिश्नोइयां क्षेत्र से एक युवक को 7 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सदर थाना डबवाली की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव रामपुरा बिश्नोइयां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को मिली सूचना के आधार पर एक युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान युधिष्ठिर निवासी रामपुरा बिशनोईयां के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### कन्यादान महाकल्याण कार्यक्रम 17 को

**सिरसा।** अग्रवाल पार्क ट्रस्ट द्वारा युवा भाजपा नेता मनीष सिंगला की वैवाहिक वर्षगांठ पर आगामी 17 जनवरी को कन्यादान महाकल्याण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गोयल व रामकृष्ण गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, विधवाओं के लिए सिलाई मशीनें, जरूरतमंद बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस आदि भी वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धन परिवार की बेटियों की शादी के लिए भी ट्रस्ट प्रयासरत है।

### बसंत पंचमी को नामदेव धर्मशाला में होगा समारोह

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित नामदेव धर्मशाला में रविवार को नामदेव सभा की बैठक प्रधान मनीराम व उपप्रधान जोगीराम की अध्यक्षता में हुई। सभा के प्रेस सचिव विनोद रोहिल्ला ने बताया कि बैठक में बसंत पंचमी पर नामदेव धर्मशाला में भव्य समारोह किया जाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन मा. प्रताप सिंह, एडवोकेट हरपाल, सत्यापन किरोड़ी, एडवोकेट अरविंद, सत्यवीर चिड़ौद आदि उपस्थित थे।

### नववर्ष पर होगा संगीतमयी सुंदरकांड पाठ

**हिसार।** श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नव वर्ष के अवसर पर 01 जनवरी को संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पीठ के प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन एक जनवरी को दोपहर बाद 3:30 बजे से लेकर प्रभु इच्छा तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ निशा शर्मा एंड पार्टी की ओर से किया जाएगा।

### पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन

**हिसार।** बालसमंद रोड स्थित विश्वकर्मा कालोनी में स्व. अर्जुन लाल आर्य की 33वीं पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ओमप्रकाश, सीताराम आर्य, नितेश कुमार, तनवी आर्य, पूर्व सूचना आयुक्त चन्द्र प्रकाश ने हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर अर्जुनलाल के अनुज मोहर सिंह, राज्यसभा सांसद स्व. रामजीलाल के पुत्र सुभाष चन्द्र, रामस्वरूप, पूर्व सरपंच जयप्रकाश आदि मौजूद थे।

### भीनी धुंध के साथ हुआ नए साल का स्वागत

हिसार। सर्द हवाओं व भीनी-भीनी धुंध के साथ ही नव वर्ष का आगाज हुआ। शहर में विभिन्न स्थानों पर नव वर्ष उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। विभिन्न लोगों ने शहर के विभिन्न होटलों में नव वर्ष के कार्यक्रम रखे हुए थे। रात 12 बजते ही लोगों ने नए साल का स्वागत किया। उधर, पुलिस की भी हुड़दंगियों पर पैनी नजर रही।

### गांवों में पहुंच रहे जागरूकता वैन से लोगों को मिल रहा लाभ

# जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है यात्रा

गांव गिंदड़ां, घोडांवाली, भारूखेड़ा, आसाखेड़ा, भरोखां, ढाणी भरोखां, झोरड़ रोही, लुदेसर, निर्बाण, देसूजोधा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान स्टाल का निरीक्षण करते पूर्व विधायक बलकौर सिंह। फोटो :हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा का सिलसिला निरंतर जारी है। रविवार को यात्रा जिला के गांव गिंदड़ां, घोडांवाली, भारूखेड़ा, आसाखेड़ा, भरोखां, ढाणी भरोखां, झोरड़ रोही, लुदेसर, निर्बाण, देसूजोधा में पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर भारूखेड़ा व आसाखेड़ा में सीओएसएएमबी का राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल, गांव गिंदड़ां में विरेंद्र सहाराण, घोडांवाली में निर्मल सिंह बसरा, भरोखां, झोरड़ रोही, देसूजोधा व ढाणी भरोखां पूर्व विधायक बलकौर सिंह, लुदेसर में नीकु राम फौजी व निर्बाण में अमीर चंद मेहता ने यात्रा का स्वागत किया। सीओएसएएमबी का राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा असल में जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने की गारंटी है। उन्होंने आयोजित कार्यक्त्रम में कहा कि देश व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के नागरिकों तक पहुंचाने और उसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को दी जा रही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को गांव-गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है।

पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी ढंग से निभा रही है। श्विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद्य के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है।

इस अवसर पूर्व विधायक राम चंद्र कंबोज, बलदेव सिंह बेनिवाल, धर्मपाल सहारण, बुधराम शर्मा, जसवंत घोड़िला, रामचंद्र नंबरदार, लाभ चंद नंबरदार, महावीर बेनिवाल, भीम सिंह स्वामी, कृष्ण चौहान, महावीर गोदारा, सर्वजीत, कृष्ण रोझ, भीम रोझ, जिला परिषद सदस्य सतगुरू धारीवाला, सरपंच मिल्क राज कंबोज, सागर केहरवाला, नक्षत्र सिंह हरपिंद्र, सतगुरू धालीवाल आदि मौजूद रहे।

# जैन सभा गुरु दर्शनों के साथ मनाएगा नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। जैन स्थानक में प्रवचन करती जैन साध्वियां व उपस्थित श्रद्धालु।

जैन सभा द्वारा इस बार नया साल गुरू चरणों में मनाया जाएगा। संथारा साधिका उपप्रवर्तनी महासाध्वी स्वर्णकांता जी महाराज की सुशिष्या महासाध्वी श्री श्रुति जी महाराज ठाणे 3 नववर्ष के उपलक्ष्य में 1 जनवरी 2024 सोमवार को ठाकर बस्ती स्थित एसएस जैन स्थानक में प्रातः 9 बजे मंगल पाठ सुनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसएस जैन सभा ठाकर बस्ती प्रधान संजीव जैन व मुकेश प्रजापति ने बताया कि जैन सभा द्वारा इस बार नया वर्ष गुरू चरणों में गुरू दर्शनों के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में फतेहाबाद से काफी संख्या में जैन श्रद्धालु भाग लेंगे और गुरू दर्शन कर मंगल पाठ का श्रवण करेंगे। उन्होंने शहरवासियों से भी निवेदन है कि वह गुरू दर्शनों के साथ नववर्ष मनाने का प्रयास करें।

# जीएनआईए में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला के गांव अभोली स्थित गुरुनानक इंटरनेशनल अकादमी में दो दिवसीय खेलकूद महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक श्याम बजाज, रानियां से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.के.बांगा एवं सतपाल काका ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। खेल कार्यक्रम आरंभ करते हुए चारों सदन के बच्चों ने मार्चपास्ट किया। सांस्कृतिक झलकियां भी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही राजस्थानी नृत्य, भंगड़ा आदि प्रस्तुत किए गए। खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज करते हुए पहले दिन पोगो वर्ल्ड से लेकर पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए भिन्न-भिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर हर्डल रेस में प्रथम स्थान मनकीरत, द्वितीय स्थान कुशाल दहिया तथा तृतीय स्थान हर्षित, पिक द ऑब्जेक्ट एंड पुट इन द बॉक्स में प्रथम स्थान पर प्रियंका, द्वितीय स्थान गुरसिफ्त और तृतीय स्थान पर सीरत रही। अंत में खेल प्रतियोगिता में विजेता रहे अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सलोनी डूमरा तथा उपप्रधानाचार्या गुरमीत कौर ने अभिभावकों का धन्यवाद किया।

### भट्ठा मजदूर से बाइक सवार ने छीना मोबाइल

**सिरसा।** डिंग रोड पर एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर से बाइक सवार फोन छीनकर भाग गए। पुलिस को दी शिकायत में यूपी निवासी शिवा ने बताया कि वह डिंग रोड स्थित आरके ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसने बताया कि शाम को वह डिंग मंडी की ओर से पैदल आ रहा था। इसी दौरान बाइक सवार उसके पास आए और अपना छोटा फोन देकर उसका फोन मांगा। जब उसने फोन देने से मना किया तो उन्होंने किसी बहाने से उसे बातों में उलझाकर उसका फोन छीन लिया और वहां से भाग गए। उसने काफी शोर भी मचाया, लेकिन तब तक आरोपी फोन लेकर भाग चुके थे। किसी तरह उसने अपने परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डेरा में नामचर्चा सत्संग आयोजित

- जरूरतमंदों को वितरत किए कंबल व वस्त्र
- डेरा प्रमुख द्वारा भेजे गए 18वें पत्र को पढ़कर साध संगत को सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। डेरा सच्चा सौदा में आयोजित सत्संग में उपस्थित साध संगत।

डेरा सच्चा सौदा में रविवार को नामचर्चा सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्क्रीनों के माध्यम से डेरा प्रमुख के प्रवचनों को साध-संगत ने श्रवण किया। इस अवसर पर डेरा प्रमुख द्वारा भेजे गए 18वें पत्र को पढ़कर साध संगत को सुनाया गया। उन्होंने कहा कि नए साल के पहले दिन सारे मिलकर मानवता भलाई का एक नया कार्य शुरू करे। शाह सतनाम महाराज के अवतार माह और नव वर्ष की बधाई देते हुए 161वां मानवता भलाई कार्य 'सहारा-ए-इंसां' शुरू करवाया। जिस पर समूह साध-संगत ने अपने हाथ उठाकर इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। इस कार्य के तहत जिन गरीब परिवारों में मुखिया, बेटा या बेटी की नशे की वजह से मौत हो गई, ऐसे लोगों के घर जाकर साध-संगत उनकी आर्थिक तौर पर मदद करेगी और उनका दुख बंटाएगी। इस अवसर पर 88 जरूरतमंदों को कंबल और 88 बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए।

# नए बिजली मीटर लगाने का किया विरोध

- गांव समैण के ग्रामीण सरकार के आदेश के विरोध में उठ खड़े हुए
- मीटर लगाने आने वाले कर्मचारियों को गांव में घुसने नहीं देंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



टोहाना। बिजली निगम कार्यालय में विरोध कर रहे ग्रामीणों को संबोधित करते सूबे सिंह।

सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर सिंह गिल के गांव समैण के ग्रामीण एक बार फिर सरकार के एक आदेश के विरोध में उठ खड़े हुए हैं। यहां के ग्रामीणों ने गांव में घरों के बाहर लगाए जा रहे नए मीटरों का विरोध किया है। इसको लेकर रविवार को गांव के लोग एकत्रित हुए और नए मीटर लगाने का विरोध करते हुए बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने सरकार व निगम अधिकारियों को खुली चेतावनी दी कि अगर निगम का कोई भी ठेकेदार या कर्मचारी बिजली मीटर घरों के बाहर लगाने के लिए या सर्वे करने आता हैं, उन्हें किसी भी सूरत में घुसने नहीं दिया जाएगा और किसी भी स्थिति के लिए सरकार व प्रशासन जिम्मेवार होगा। अगर कोई विधायक या मंत्री इस फैसले का समर्थन करेगा तो उसे भी गांव में नहीं घुसने दिया जाएगा। बता दें कि शनिवार को भी ग्रामीणों ने गांव में नए बिजली लगाने का विरोध का ऐलान कर दिया था। इसको लेकर बुलाई गई पंचायत के लिए पिछले कुछ दिनों से गांव में मुनादी करवा कर लोगों को न्योता दिया जा रहा था।

रविवार को सैंकड़ों की संख्या में लोग यहां एकत्रित हुए और चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शासन-प्रशासन जबरदस्ती करेगा तो ग्रामीण डटकर सामना करेंगे। गांव समैण में हुई पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सर्व खाप के प्रवक्ता सुबे सिंह समैण ने कहा कि बिजली निगम को निजी हाथों में सौंपने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि निगम गांवों में घरों में लगे बिजली के मीटरों को उखाड़ कर बाहर लगाना चाहता है और इसका ठेका निजी हाथों में दिया गया तो ग्रामीण विरोध करेंगे।

### स्कूटी सवार व्यक्ति 16 किग्रा चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान रानियां अनाज मंडी क्षेत्र से स्कूटी सवार को 16 किलोग्राम चूरापोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल के एएसआई जसवीर सिंह ने बताया कि उनकी टीम रानियां में अनाज मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान दो व्यक्ति स्कूटी पर आते हुए दिखाई दिए। दोनों ने पुलिस को देखकर स्कूटी मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन कुछ कदम चलने के बाद स्कूटी बंद हो गई। इस दौरान स्कूटी के पीछे बैठा युवक अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया, जबकि दूसरे युवक को पुलिस ने स्कूटी के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भजनलाल निवासी सिरसा बताया।

# परिवार मिलन समारोह का आयोजन

- डॉ. वेद ज्योति अध्यक्ष, विनोद विक्टर सचिव एवं रंजीत संधू कोषाध्यक्ष बने
- अखिल भारतीय सेवा संघ ऐलनाबाद शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। समारोह में अतिथि को सम्मानित करते हुए।

अखिल भारतीय सेवा संघ ऐलनाबाद शाखा का दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह रविवार को हुआ जिसमें डॉ. वेद ज्योति अध्यक्ष, विनोद विक्टर सचिव एवं रंजीत संधू को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. इंद्र गोयल ने कहा कि दायित्व ग्रहण आपको एक सामाजिक जिम्मेदारी देता है, जिससे कि आप समाज के सामने अपने दायित्व की शपथ लेते हैं और अपना दायित्व निभाने की प्रतिज्ञा करते हैं। पूर्व अध्यक्ष रामकृष्ण कंबोज, सचिव प्रवीण शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। बाद में डॉ. इंद्र गोयल ने डॉ. वेद 'योति को अध्यक्ष, विनोद विक्टर को सचिव एवं रंजीत संधू को कोषाध्यक्ष की शपथ दिलवाई। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कायारें की भरपूर प्रशंसा की और आने वाले समय में संस्था द्वारा और अधिक सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संचालन सचिव विनोद विक्टर ने किया। नगरपालिका अध्यक्ष रामसिंह सोलंकी ने कहा कि सेवा संघ का सदस्य होने पर उन्हें गर्व है। पूर्व अध्यक्ष सुल्तान हरडू ने नए अध्यक्ष डॉ. वेद ज्योति एवं उनकी टीम को बधाई दी। डॉ. मनीष सहारण ने आने वाले वर्ष में एक नया संदेश दिया कि आप अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें और उन्हें एक नई दिशा दें। कार्यक्रम में रवि गर्ग, डॉ. संदीप, चंद्र सोनी, दीपक कुमार, महेश बंसल आदि थे।

# नए साल में जिला को नशा मुक्त करने का लें संकल्प



सिरसा। गांव मानक दीवान में युवाओं से मिलते पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

- गांव मानक दीवान में क्रिकेट प्रतियोगिता में युवाओं के साथ मैच खेलकर नशे से दूर रहने का दिया संदेश

एसपी विक्रांत भूषण ने कहा कि युवा नववर्ष 2024 पर जिला को पूरी तरह से नशा मुक्त करने का संकल्प लें तथा शिक्षा व खेल कूद गतिविधियों में अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने गांव तथा इलाके का नाम रोशन करें। एसपी युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत रविवार को गांव मानक दीवान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने गांव मानक दीवान में स्थित ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में युवाओं के साथ क्रिकेट का मैच खेला तथा युवाओं को शिक्षा तथा खेल गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने युवाओं तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से बर्बाद कर देता है ,तथा जिस परिवार में नशा प्रवेश कर जाता है वह परिवार कई पीढियों तक भी उभर नहीं पता। उन्होंने कहा कि नव वर्ष पर युवाओं को नशे को जिले से समाप्त करने का संकल्प लेते हुए नशीले पदाथोंर् को ना और जिंदगी को हां कहनी चाहिए। उन्होंने युवाओं तथा आम जन से कहा कि आओ हम सब मिलकर ऐसा समाज बनाएं तथा नशा मुक्त सिरसा जिला बनाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए जिला स्तर पर पुलिस जवानों की वॉलीबॉल,हैंडबॉल, कबड्डी तथा क्रिकेट की चार टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक विक्त्रांत भूषण ने बताया कि पुलिस जवानों की टीमें लगातार सुबह और शाम के समय गांवो में जाकर वहां के युवकों के साथ मैच खेलकर उन्हें नशा मुक्ति का संदेश दे रही हैं, जोकि काफी सार्थक साबित हो रहा है। इस अवसर पर नेजाडेला के युवाओं ने एक नाटक के माध्यम से नशे पर करारा प्रहार कर युवाओं तथा उपस्थित ग्रामीणों को नशा के खिलाफ संदेश दिया। मौके पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, चौपटा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह, स्कूल संचालक अजय बैनीवाल आदि मौजूद रहे।

### ऐतिहासिक कलश यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा

# गांवों में निकाली गई अक्षत कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा



सिरसा। ऐलनाबाद के गांवों में पूजित अक्षत यात्रा निकालते लोग।

अयोध्या से आए अक्षत के साथ रविवार को ऐलनाबाद हलका के गांवों से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से भिजवाए गए पीतांबर रंग के अक्षत (चावल) के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। ऐलनाबाद हलका के विभिन्न गांवों से निकली। इस दौरान समाजसेवी कप्तान मीनू बैनीवाल भी साथ रहे। ऐतिहासिक कलश यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वहीं महिलाओं ने यात्रा के दौरान मंगल गीतों का गायन किया। इससे पहले कलश यात्रा गांव जमाल से सुबह दस बजे शुरू हुई। इसके बाद यह कलश यात्रा गांव बरूवाली द्वितीय, गुडिया खेड़ा, बकरियांवाली, ढूकड़ा, बरासरी, कुताना, जोड़किया, माखोसरानी, शाहपुरिया, शक्करमंदोरी, गंजा रूपाना, रूपाना बिश्नोईयां, नहराना, नारायण खेड़ा, शेरपुरा, कंवरपुरा, ताजिया, साहुवाला द्वितीय व कैंरावाली में पहुंचकर संपन्न हुई। इस कलश यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता व हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

### कलश यात्रा का स्वागत

कलश यात्रा जिन-जिन गांवों से गुजरी, जगह-जगह पर अक्षत यात्रा का स्वागत किया गया। गांव के ग्रामीणों ने पवित्र अक्षत कलश के दर्शन करके धर्म लाभ कमाने का काम किया। समाजसेवी कप्तान मीनू बैनीवाल ने बताया कि यह पूजित अक्षत श्रीराम जन्मभूमि से आए हैं, इस समय पूरे देश, दुनिया में पूजित अक्षत भिजवाए गए हैं। जिस दिन 22 जनवरी को श्रीराम लला गर्भगृह में विराजमान होंगे, यह अक्षत भगवान को समर्पित किए जाएंगे। इससे पहले इसे सभी सनातन धर्मी अपने घर में, अपने आसपास के देवालय, शिवालय में जाकर हवन यज्ञ, हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति, सत्संग, सुंदरकांड एवं अन्य पूजा अर्चना करके अपनी श्रद्धा और भावना इससे जोड़ेंगे। इस अक्षत कलश यात्रा में जिला पार्षद नंदलाल बैनीवाल, रणजीत बाना, बलराम कासनियां, पुजारी भीम सिंह, मनोज बैनीवाल, श्रवण बैनीवाल, मनीष शास्त्री आदि थे।

## खबर संक्षेप



### एनएसएस का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्र से जोड़ना

**भूना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ रविवार को हुआ। कैंप में एनएसएस यूनिट से लगभग 56 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल विजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में और एनएसएस के प्रभारी प्रोफेसर हरविंदर बागड़ी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने कैंप के पहले दिन विद्यालय में साफ-सफाई करके श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने रंगोली प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### रतिया से युवक लापता शिकायत दर्ज

**फतेहाबाद।** रतिया शहर से एक युवक के लापता होने का समाचार है। इस बारे युवक के परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर रतिया निवासी साहिल कुमार ने कहा है कि उसका 32 वर्षीय भाई विपिन कुमार बिना बताये घर से कहीं चला गया है और वापस घर नहीं लौटा है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### नायब सैनी का सम्मान समारोह 2 जनवरी को

**टोहाना।** कुरुक्षेत्र के सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का 2 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे रेलवे रोड अनाज मंडी टोहाना में नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता सुभाष बराला अध्यक्षता करेंगे। 2 को अनाज मंडी टोहाना में पहुंचकर अभिनंदन समारोह में भाग लें।

### उम्मीद की किरण: जाखल-चंडीगढ़-बुढलाडा मार्ग के नववर्ष में फिरेंगे दिन, गड्ढों व धूल से मिलेगी निजात

# नए साल में फतेहाबादवासियों को मिलेगी 200 बेड के सरकारी अस्पताल और जाखल-चंडीगढ़ मार्ग की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आज सोमवार को हम नए वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। बीता वर्ष 2023 फतेहाबाद के लिए सौगात भरा रहा। उम्मीद है यह वर्ष 2024 भी फतेहाबाद के लिए सूर्य की किरण जैसा रहेगा। बीते वर्ष फतेहाबाद को प्रदेश का पहला चार मंजिला बस स्टैण्ड मिला, साथ ही राजकीय कॉलेज की भी सौगात मिली। हालांकि प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल फतेहाबाद में निर्माणाधीन है। उम्मीद है कि इस साल यह फतेहाबाद की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

बीते वर्ष जनवरी माह में फतेहाबाद जिलावासियों को चार मंजिला बस स्टैंड की सौगात मिली। यह बस स्टैंड 20 करोड़ रुपये की लागत से बना है। यहां पर दो मंजिला पर रोडवेज विभाग ने अपना कार्यालय बना लिया है तो दो मंजिला इमारत में दूसरे विभाग को दी जाएगी। फतेहाबाद के हुडा सेक्टर में 234 करोड़ की लागत से बने रहे 200 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उम्मीद है इस साल इस अस्पताल को जनता के लिए खोल दिया जाएगा। टोहाना में भी 131 करोड़ की लागत से 100 बेड का अस्पताल बनाया जा रहा है। फतेहाबाद में विधायक दुड़ाराम के प्रयासों से राजकीय कॉलेज की घोषणा हो चुकी है। उम्मीद है कि इस साल इसक बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। खास बात यह है कि फतेहाबाद में अनेक लोगों की जान ले चुके हिसार-सिरसा नेशनल हाइवे बाईपास हांसपुर चौक पर बन रहे फ्लाईओवर को भी जल्द ही आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। इस फ्लाइओवर के निर्माण के लिए यहां के लोगों ने लंबा संघर्ष किया है।



**फतेहाबाद।** हुडा सेक्टर में निर्माणाधीन 200 बेड का सरकारी अस्पताल।

### 149 करोड़ से बनेगा चंडीगढ़-बुढलाडा मार्ग, 4 जनवरी को मंत्री करेंगे शुभारंभ



**जाखल।** वह सड़क जिसका नवनिर्माण होना है।

**आकाश गर्ग/जाखल।** हरियाणा-पंजाब राज्यों को जोड़ने वाले जाखल शहर के बीच से गुजरते अति व्यस्तम चंडीगढ़-बुढलाडा मार्ग का नववर्ष में कायाकल्प किया जाएगा। इस मार्ग का नवनिर्माण करने की शहरवासियों की पुरानी मांग थी। इस सड़क मार्ग का निर्माण होने से राहगीरों को धूल मिट्टी से निजात मिलेगी। इस मार्ग को लेकर केंद्र सरकार से अभी तक अनुमति ना मिलने से सड़क मार्ग का निर्माण कार्य आरंभ करने में देरी हो रही थी। लोगों के लिए राहत भरी खबर है कि इस सड़क के अब दिन फिरने वाले हैं। सड़क निर्माण कार्य के लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। टोहाना से विधायक व प्रदेश के विकास एव पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा उक्त सड़क निर्माण को लेकर 4 जनवरी को टोहाना में नारियल फोड़कर इसका शुभारंभ किया जाएगा। अधिकारिक जानकारी अनुसार इस सड़क का निर्माण पूरा करने के लिए दो वर्ष की समय अवधि तय की गई है। इस सड़क का निर्माण होने के बाद राहगीरों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

#### 149 करोड़ रुपए होंगे खर्च

निविदा मुताबिक हिसार जिला के सुरेवाला चौक से लेकर टोहाना के पंजाब सीमा तक और पौने दो किलोमीटर जाखल एरिया की सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क निर्माण के लिए विभाग 149 करोड़ रुपए खर्च करेगा, जिससे राहगीरों को काफी लाभ होगा। इसे लेकर जाखल से वाया मुनक होते हुए हिसार जाने वाले राहगीरों के लिए सबसे अहम बात ये रहेगी कि हिसार जाने का रास्ता करीबन 1 घंटे में पूरा कर लिया जाएगा। सड़क का निर्माण कार्य होने से दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा।

#### 33 फुट होगी सड़क की चौड़ाई

विभाग द्वारा जारी निविदा पत्र के मुताबिक जाखल क्षेत्र की जो पौने दो किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। उसमें जाखल कडैल तिराहे से लेकर जाखल बस स्टैंड से आगे पंजाब सीमा तक निर्माण किया जाएगा। इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 33 फुट की जाएगी। मौजूदा स्थिति ब्यां करें तो ये सड़क सिकुड़ कर रह गई है। सड़क पर धूल-मिट्टी जमा होने से सड़क की चौडाई भी कम हो गई है।



**जाखल।** हरियाणा-पंजाब की सीमा पर बना कडैल तिराहा, जिसका कायाकल्प किया जाएगा।

#### कडैल तिराहे का होगा कायाकल्प

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में जाखल कडैल तिराहे का भी कायाकल्प किया जाएगा। इस तिराहे पर आए दिन दुर्घटनाएं घटित होती हैं। ज्ञातव्य हैं कि ये तिराहा हरियाणा, पंजाब की सीमा पर स्थित है। इसके एक तरफ पंजाब के संगरूर जिला की हद है तो वही दूसरी तरफ इसके फतेहाबाद जिले की हद है।

#### विभाग के अधिकारी ने कहा

लोक निर्माण विभाग टोहाना के एसडीओ विजय शर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर तमाम प्रकिया पूरी कर ली गई है। नववर्ष में 4 जनवरी को पंचायत मंत्री नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। इस सड़क का निर्माण होने से राहगीरों को आवागमन में आसानी होगी।



### आर्यभट्ट स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

*फतेहाबाद। बीघड़ रोड स्थित आर्यभट्ट स्कूल में उत्सह 2023-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन चंद्रप्रकाश आहूजा, केके अरोड़ा, बीएल गोदारा, सुमन मिढ़ा, सोनिया अरोड़ा और स्कूल प्राचार्या दीपिका झांब और उप प्राचार्या रजनी तनेजा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां देश की विभिन्न सांस्कृतियों को बच्चों ने बखूबी दर्शाया वहीं देश के वीर जवानों को समर्पित प्रस्तुति भी दी गई। इसके अलावा अपने पेरेंट्स के प्रति भी भापपूर्ण प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुतियों के माध्यम से जहां बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लघु नाटिका के माध्यम से रामायण का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। बम बम भोले गीत पर प्रस्तुति देकर नन्हें बच्चों ने मौज मस्ती किस तरह से की जाती है, उसके बारे में बताया।*

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई स्वामी फूलचंद जी महाराज की 97वीं दीक्षा जयंती



*रतिया। संत शिरोमणि स्वामी फूलचंद जी महाराज की 97वीं दीक्षा जयंती आज बुढलाड़ा रोड स्थित जैन समाधि पर हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में रतिया के अलावा आसपास के शहरों व उत्तर भारत से हजारों जैन श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन समाधि संस्था के प्रधान सुरेश जिंदल ने की। रतिया में विराजमान जैन धर्म के महान संत सुमति मुनि महाराज, ज्योतिष आचार्य सत्य प्रकाश मुनि महाराज व समर्थ मुनि महाराज के सानिध्य में प्रातः साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक महामंत्र नवकार का जाप करवाया गया। तत्पश्चात प्रमुख समाजसेवी पवन जिंदल द्वारा गुरु फूल ध्यान साधना स्थल का शिलान्यास किया गया व ध्वजा फहराने की रस्म प्रमुख समाजसेवी अमरनाथ गोयल रियोंद वाले द्वारा की गई। इस अवसर पर संस्था के उप प्रधान अमरनाथ गोयल, महामंत्री कैलाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मोहन जैन, जैन एकता मंच के जिला प्रधान राजेंद्र मित्तल, सिरसा जिला प्रधान संदीप जैन, कालावाली नरेश जैन, रनिया संदीप जैन, सिरसा महामंत्री विनोद जैन, सरदूलगढ़ जैन सभा के प्रधान संजू जैन, पूर्व प्रधान अनिल जैन, महासचिव राजेश जैन, कोषाध्यक्ष चंद्र जैन, राजू करंडी, राजेश गर्ग व अन्य शहरों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जैन मुनियों ने स्वामी फूलचंद महाराज की महिमा के बारे में वर्णन करते हुए बताया कि फूलचंद जी महाराज ने हमेशा ही सत्य एवं अहिंसा के मार्ग को अपनाने का आह्वान किया। उनकी शरण में जो भी प्राणी आ जाता था, उसका बेड़ा पार हो जाता है।*



### यूथ वीरांगनाओं ने जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े बांटकर किया नए वर्ष का स्वागत

*फतेहाबाद। यूथ वीरांगनाओं द्वारा रविवार को अशोक नगर में संचालित मुफ्त कोचिंग सेंटर में न्यू ईयर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को फ्री शिक्षा के साथ-साथ आज यूथ वीरांगनाओं ने सर्दी में ठिठुरते मासूम बच्चों को जैकेट, टोपी, जुराब आदि वितरित किये। इस अवसर पर श्रीचैतन्य स्कूल की प्रिंसिपल अंबिका अरोड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। किसी भी अवसर को इस तरह अनोखे अंदाज में मनाने का ये तरीका देखकर अम्बिका अरोड़ा हैरान रह गई। आज के इस स्वार्थी युग में इतनी नि=स्वार्थ सेवा करना अपने आप मे बेमिसाल है। यूथ वीरांगना गीतु भूटानी ने संस्था द्वारा किये जा रहे कायाऱें को विस्तार से बताया। इसके बाद मुख्य अतिथि के साथ मिलकर टीम के सदस्यों ने 60-70 बच्चों को सर्दी के कपड़े वितरित किये।*

## गुरनाम सिंह की मुर्राह भैंस ने जीता 20 हजार का पुरस्कार



**सिरसा।** जिला गांव मल्लेकां निवासी गुरनाम सिंह की मुर्राह नस्ल की भैंस ने एक दिन में 23.05 किलोग्राम दूध देकर 20 हजार रुपए का पुरस्कार जीता है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिरसा के उपनिदेशक डॉ. विद्यासागर बंसल व उपमंडल अधिकारी डॉ. राकेश निंबरिया के दिशा निर्देशानुसार गांव मल्लेकां के पशु चिकित्सक डॉ. रवि कुमार घोटड़ और गांव माधोसिंघाना के पशु चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार ने इस भैंस की लगातार तीन दिन तक दुग्ध की क्षमता का मापन किया जिसके बाद उसे विजेता घोषित किया गया। डॉ. रवि कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के दुधारू पशुओं में नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के माध्यम से ऐसी स्कीमें चलाई जाती हैं जिससे पशुपालन प्रोत्साहित होते हैं। उन्होंने बताया कि इस स्कीम के अंतर्गत भैंसों में मुर्राह नस्ल, गाय में हरियाणा व साहीवाल नस्ल को बढ़ावा देने के लिए लगातार तीन दिन तक दुग्ध क्षमता को नापा जाता है और प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस मौके पर वीएडीए सुरेश कुमार, मनप्रीत, मुकेश कुमार, पशु प्रीचर राजेंद्र कुमार सहित अनेक पशुपालक उपस्थित थे।

## श्रीराम मंदिर से पूजित अक्षय कलश यात्रा में उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

श्री राम मंदिर अयोध्या जी से पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर जोहड़वाला से श्री बालाजी मंदिर अनाज मंडी टोहाना तक आयोजित हुई। इस कलश यात्रा में शहरवासी बड़े उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए और भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने भगवान श्रीराम के जयकारों से शहर को गुंजायमान भगवान का गुणगान कर सबके सुख शांति की कामना की। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने कलश यात्रा में शामिल होकर सुख समृद्धि की कामना की। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे पूजनीय है। श्री अयोध्या धाम में बनकर तैयार हो रहा भव्य श्रीराम मंदिर हम सबके आस्था का प्रतीक है। भगवान राम का चरित्र हमे न्याय के मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है। भगवान राम के दिखाए न्याय के रास्ते पर चलकर हमे देश सेवा में आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जीवन हमें मर्यादाओं का पालन कर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। प्रभु श्री राम सभी पर अपनी कृपा दृष्टि व आशीर्वाद बनाए रखें। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन, उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उच्च आदर्श पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा के स्त्रोत हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब प्रभु राम के आदशोंर् को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लें हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि श्री अयोध्या धाम में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को राम मन्दिर के गर्भगृह में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह हम देशवासियों के लिए बड़े गर्व और ख़ुशी के क्षण है। लोगों में बड़े उत्साह का माहौल है। यह दिन देश के लिए ऐतिहासिक होगा। सुभाष बराला ने भगवान राम के चरित्र को अपने जीवन में ढालने का आह्वान किया।





**टोहाना।** श्रीराम मंदिर अयोध्या जी से पूजित अक्षय कलश यात्रा में भाग लेते पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली व चेयरमैन सुभाष बराला।

### आयकर, वस्तु एवं सेवा कर और म्यूच्यूअल फंड्स की जानकारी दी

*सिरसा। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरी भारतीय क्षेत्रीय परिषद की सिरसा शाखा द्वारा कर जागरूकता कार्यक्रम राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिरसा में आयोजित किया गया जिसमें स्कूल के टीचर्स को आयकर रिटर्न भरने की महत्वता व नई तथा पुरानी कर नीति के बारे में विस्तार से बताया गया। सीए सिरसा शाखा के प्रधान सीए मोहित गुंबर ने शिरकत की। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने वित्तीय एवं टैक्स जागरूकता ड्राइव के तहत एक अभियान चलाया हुआ है, वित्तीय ज्ञान आईसीएआई का अभियान, जिसमें लोगों को आयकर, वस्तु एवं सेवा कर, म्यूच्यूअल फंड्स आदि से संबंधित जागरूक किया जाता है।*

### श्रीरामदूत सेवा मंडल ने धार्मिक स्थलों के लिए जत्था किया रवाना



**सिरसा।** श्रीरामदूत सेवा मंडल की ओर से रविवार को हर माह की पूर्णिमा पर धार्मिक स्थलों सालासर, खाटू श्याम, इच्छापूर्ण बालाजी सरदार शहर जाने वाले श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को रवाना हुआ। करियाणा एसोसिएशन सिरसा के प्रधान सतीश शर्मा ने बताया कि श्रीरामदूत सेवा मंडल की ओर से हर माह श्रद्धालुओं को इन धार्मिक स्थलों का बिना लाभ-हानि के भ्रमण करवाया जाता है। पिछले 14 सालों से ये सेवा चली आ रही है। श्रद्धालुओं ने धार्मिक स्थलों पर केले व गज्जक की सवामणि भी लगाई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर अमर बोबी, अनिल कुमार मकानी, दिनेश मकानी, धर्मवीर शर्मा, षभ, प्रेम शर्मा, अनिल, राजरानी शर्मा, रोहताश, नितिश शर्मा, मधु चाडीवाल, चिंतन गुप्ता, रमन शर्मा, सुनीता, संगीता, अरूण तलवाड़िया, श्याम सुंदर, अमर खुराना, जयप्रकाश सिंगला, फौजी साहब सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सीनियर सिटीजन परिषद के कार्यालय के ताले टूटे

■ शहर में आएदिन चोरी की बढ़ती घटनाओं से रोष

**फतेहाबाद।** टोहाना में चोरों ने सीनियर सिटीजन परिषद के कार्यालय के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर लिया। कार्यालय में चोरी की यह दूसरी घटना है। इस बारे पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 5 निवासी गोपाल दत्त ने कहा है कि वह टोहाना सीनियर सिटीजन परिषद का उपप्रधान है और उसका चंडीगढ़ रोड पर कल्पना चावला पार्क में कार्यालय है। उसने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह शाम को रोजाना की तरह ऑफिस को बंद करके चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह ऑफिस में आया तो देखा कि ऑफिस के दोनों ताले टूटे पड़े थे और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने अंदर जाकर सामान की जांच की तो देखा कि चोर ऑफिस से एक पीतल की टूटी, 150 स्टील के गिलास, एक बैटरी इन्वर्टर चोरी कर ले गए हैं। इस पर पहले वे अपने स्तर पर आसपास तलाश करते रहे लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। गोपाल दत्त ने बताया कि इससे पहले भी 7 अक्टूबर 2023 को एक एलईडी चोरी हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को किया बाल अधिकारों बारे जागरूक

# बच्चे आने-जाने में सावधानी रखें और किसी भी अनजान व्यक्ति से कुछ खाने-पीने की वस्तुएं न लें : बाजिया

■ गुड टच बैड टच के बारे में सावधानी रखें शोषण सहन न करें जानकारी तुरन्त दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसंगा में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन रविवार को विद्यार्थियों को बाल अधिकारों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल सुभाष चंद्र टाक ने की, जबकि संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने किया। मंच का संचालन रेनू, नेहा तथा पूजा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में मुख्य वक्ता के तौर पर फतेहाबाद के बाल सरंक्षण अधिकारी सुरजीत बाजिया ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अपनी छोटी-छोटी बातों को माता-पिता और अध्यापकों से शेयर करें। गुड टच बैड टच के बारे में सावधानी रखें वह किसी भी प्रकार के शोषण सहन न करें और इसकी तुरंत जानकारी अपने अभिभावकों को दें। उन्होंने कहा कि बच्चे हर छोटी-मोटी बात अध्यापकों से शेयर करें तथा समय.समय पर उनको अपने जीवन में घटने वाली घटनाओं से अवगत करवाएं। बच्चे किसी प्रकार से दबाव व लालच में ना आए। किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना की अंदेशा पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें और इसकी जानकारी दें। बच्चों के अधिकार के लिए जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट में बहुत से अधिकार दिए हुए हैं, जो उनको सुरक्षित करते हैं। बच्चे कहीं भी आने-जाने में सावधानी रखें और किसी भी अनजान व्यक्ति से कुछ खाने-पीने की वस्तुएं न ले और किसी के साथ कहीं जाने से पूर्व इस बारे में जानकारी अपने अभिभावकों को दें तो वे सुरक्षित रह सकते हैं। स



**भूना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसंगा में एनएसएस शिविर में बाल संरक्षण अधिकारी सरजीत सिंह बलिया स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

